Panel Discussion conducted on Industry-Academia Connect at ICFAI University- August 22, 2017

the pioneer
RANCHI | WEDNESDAY | AUGUST 23, 2017

PANEL DISCUSSION AT ICFAI UNIVERSITY

A Panel Discussion on Industry-Academia Connect was conducted at the ICFAI University, Jharkhand at its Daladali Campus today on " How Industry and Academia should work together to enhance employability of students?". Senior Managers from organizations like Vodafone, Pidilite, Ultatech, Self-express, Osama Dairy, 7 Palms Hospital and industry associations like CII, Assocham and Indian Chamber of Commerce participated in the panel discussion. Prof ORS Rao, Vice-Chancellor of the University said, "There needs to be a close partnership between Industry and Educational Institutions for mutual benefit - to groom the students into competent professionals as per the ever-changing industry requirements. Our University took a number of steps to involve industry in the entire academic process, starting with curriculum design, academic delivery, live projects, internships and campus placements. It is also needed to groom the graduating students into Entrepreneurs."

आज
www.ajhindidaily.com रांची, २३ अगस्त, २०१७

इक्फाई विवि में उद्योग अकादमी कनेक्ट पर पैनल चर्चा का आयोजन

रांची। इक्फाई विवि में आज उद्योग अकादमी कनेक्ट पर एक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'कैसे उद्योग एवं अकादमी को विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता बढ़ाई जाए, मिलकर काम करें'। इस पैनल चर्चा में वोडाफोन, पिडिलाइट, सेल्फएक्सप्रेस, ओसाम डेरी, पाल्मस हॉस्पिटल, एसोचैम जैसे उद्योग संगठनों के वरिष्ठ प्रबंधकों ने भाग लिया। इस मौके पर कुलपति प्रो. ओ.आर.एस.राव ने कहा कि उद्योग एवं शैक्षिक संस्थानों के बीच परस्पर लाभ के लिए करीबी साझेदारी होने की जरूरत है, ताकि छात्रों को लगातार बदलते उद्योग के अनुसार सक्षम पेशेवर बनाया जा सके। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए सेवेन पाल्मस हॉस्पिटल के अध्यक्ष आर.आर.राय ने कहा कि विवि शिक्षण का मंदिर है जो उद्योग कौशल हासिल करने का स्थान है। इस अवसर पर अन्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर सर्वश्रेष्ठ समर इंटर्नशिप एवं सेमेस्टर टॉपर्स को पुरस्कार दिया गया। इंटर्नशिप कोऑर्डिनेटर ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन विवि के कुलसचिव डा.बी.एम.सिंह ने किया।

बुधवार, 23 अगस्त 2017
हिन्दुस्तान
22

छात्रों को रोजगार के लिए तैयार करने पर मंथन

रांची। इक्फाई विवि में उद्योग - अकादमी कनेक्ट पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वीसी प्रो ओआरएस राव ने कहा कि उद्योग एवं शैक्षणिक संस्थानों के बीच परस्पर लाभ के लिए करीबी साझेदारी होने की जरूरत है। ताकि उद्योगों के अनुसार छात्रों को तैयार किया जा सके। उन्हें पेशेवर बनाया जा सके। मौके पर सेवन पाम हॉस्पीटल के अध्यक्ष आरआर राम, मेटा एक्सप्रेस के शाखा प्रबंधक विरल कुमार, एसोचैम के क्षेत्रिय निदेशक एसके सिंह, डॉ बीएम सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर
रांची, बुधवार 23 अगस्त, 2017 | 06

शिक्षण संस्थानों व उद्योग के बीच हो करीबी साझेदारी : प्रो. राव

इक्फाई विवि में रोजगार क्षमता पर डिस्कशन

एजुकेशन रिपोर्टर | रांची

इक्फाई यूनिवर्सिटी के वीसी डॉ. प्रो. ओआरएस राव ने कहा कि शिक्षण संस्थानों और उद्योग के बीच करीबी व मजबूत साझेदारी होनी चाहिए, ताकि वैश्विक स्तर पर नित्य हो रहे नए बदलाव के अनुसार स्टूडेंट्स को पेशेवर बनाया जा सके। इक्फाई विवि ने पहल करते हुए सेवन पाम्स हॉस्पिटल, सुप्रीम इंडस्ट्री जैसे संगठनों के साथ एमओयू किया है। वे मंगलवार को रोजगार क्षमता बढ़ाने को लेकर हुए पैनल डिस्कशन में उपस्थित विशेषज्ञों व स्टूडेंट्स को संबोधित कर रहे थे। इसका विषय इंडस्ट्री अकादमी कनेक्ट था। सेवन पाम्स के चेयरमैन आरआर राय ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा का मंदिर है, तो उद्योग कौशल हासिल करने का स्थान है। एसोचैम के क्षेत्रीय निदेशक एसके सिंह ने स्टूडेंट्स को सकारात्मक सोच के साथ ईमानदार प्रयास करने की बात कही। मौके पर समर इंटर्नशिप में बेहतर प्रदर्शन करनेवाले और सेमेस्टर टॉपर्स को सर्टिफिकेट दिए गए। धन्यवाद ज्ञापन रजिस्ट्रार डॉ. बीएम सिंह ने किया।

प्रभात खबर

रांची, बुधवार
23.08.2017 06

इक्फाइ विवि में उद्योग-एकेडमी कनेक्ट का आयोजन

रांची. इक्फाइ विवि के दलादली स्थित कैंपस में उद्योग-एकेडमी कनेक्ट पर पैनल चर्चा का आयोजन किया गया. इसका विषय 'कैसे उद्योग को अकादमी के साथ जोड़ कर पढ़ाई हो, ताकि विद्यार्थियों के रोजगार क्षमता बढ़ाने की दिशा में कार्य हो सके' रखा गया था. पैनल चर्चा में वोडाफोन, पिडिलाइट, लेफएक्सप्रेस, ओसम डेयरी, एसौचैम जैसे उद्योग संगठनों के वरिष्ठ प्रबंधकों ने भाग लिया. विवि के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि उद्योग व शैक्षिक संस्थानों के बीच परस्पर लाभ के लिए करीबी साझीदारी होने की जरूरत है, ताकि छात्रों को लगातार बदलते उद्योग के अनुसार सक्षम पेशेवर बनाया जा सके. सेवन पालम्स अस्पताल के अध्यक्ष आरआर राम ने कहा कि विवि शिक्षण का मंदिर है, तो उद्योग कौशल हासिल करने का स्थान है. एसैचेम के एसके सिंह सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे. मौके पर सर्वश्रेष्ठ समर इंटर्नशिप एवं सेमेस्टर टॉपर्स को पुरस्कृत किया गया. इस दौरान विभिन्न कंपनियों के इंटर्नशिप को-ऑर्डिनेटर ने अपने अनुभव साझा किये. विद्यार्थियों के बीच मेरिट स्कॉलरशिप पत्र भी बांटे गये. धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ बीएम सिंह ने किया.